हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

11 खेतों में भरा पानी, फसलों को हुआ भारी नुकसान



11 फुलां के जोहड़ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई...



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े गिरफ्तार

**सिरसा।** पीओ स्टाफ सिरसा पुलिस ने चेक बाउंस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो वांछित भगोड़ा आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। आरोपियों की लगातार गैरहाजिरी को देखते हुए अदालत ने 8 अगस्त 2025 को दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**सिरसा।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पुरस्कार के लिए वे सभी बच्चे आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया हो और जो 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु के हैं। नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

### एक्स-रे सुविधा शुरू करवाने को भेजा पत्र

**भट्टूकलां।** भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल में एक्स-रे सुविधा शुरू करवाने की मांग को लेकर समाजसेवी संजय कुमार द्वारा लगातार उठाए जा रहे मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कार्यालय ने संज्ञान लिया है। मंत्री कार्यालय की ओर से फतेहाबाद जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। गौरतलब है कि 2 फरवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पीलीमंदोरी दौरे के दौरान समाजसेवी संजय कुमार उर्फ जंगली ने अस्पताल सहित कई जनहित के मुद्दे उठाए थे। इसके बाद अस्पताल में एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई गई, लेकिन मशीन चालू न होने के कारण मरीजों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस जनहित के मुद्दे को हरिभूमि समाचार पत्र ने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस समस्या को समाचार के माध्यम से जनता और प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत जिला आयुष विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन भी जिले के सभी ब्लॉकों में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। पौधारोपण के साथ शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

### नायब तहसीलदार ने ली अधिकारियों की बैठक

**रतिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर नायब तहसीलदार बलवान सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में योग दिवस कार्यक्रमों के सफल आयोजन, व्यापक जनभागीदारी तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नायब तहसीलदार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

## रतिया नगर पालिका में सियासी घमासान तेज

# चेयरपर्सन प्रीति खन्ना के खिलाफ 14 पार्षदों ने दिया अविश्वास प्रस्ताव

- भेदभाव और विकास कार्य प्रभावित होने का आरोप, विशेष बैठक बुलाने की मांग, दो पार्षदों को अधिकृत कर उपायुक्त को सौंपा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/रतिया





**फतेहाबाद।** रतिया नगरपालिका कार्यालय। *फोटो: हरिभूमि*

नगर पालिका रतिया की अध्यक्ष प्रीति खन्ना के खिलाफ नगर पालिका की राजनीति गरमा गई है। नगर पालिका के 14 निर्वाचित पार्षदों ने हरियाणा नगर पालिका अधिनियम, 1973 की धारा 17ए के तहत चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए उपायुक्त फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका का प्रभावी संचालन करने में असफल रही हैं, जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं तथा पार्षदों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उपायुक्त को दिए गए पत्र में पार्षदों ने कहा कि वर्तमान चेयरपर्सन प्रीति खन्ना अपने पद पर बने रहने योग्य नहीं हैं, इसलिए नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए विशेष बैठक बुलाकर मतदान प्रक्रिया जल्द से जल्द करवाई जाए। पार्षदों ने प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से कहा है कि नगर पालिका के प्रशासनिक कार्यों में अपेक्षित नेतृत्व नहीं मिल पा रहा है और कई विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। इसी कारण बहुमत के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया है।

### बदला राजनीतिक समीकरण

इस सूची में सबसे चौंकाने वाला नाम वार्ड-17 के पार्षद व उपप्रधान जोगिंद्र कुमार नंदा का है, जो इस बार खुद चेयरपर्सन के खिलाफ खुलकर खड़े हो गए हैं। इसके अलावा राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पार्षदों के इस आक्रामक कदम के पीछे क्षेत्र के एक वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता का भी मजबूत वरदहस्त शामिल है।

### पिछले साल बाल-बाल बची थी कुर्सी

पिछले साल भी पार्षदों ने ऐसी ही कोशिश की थी, जो कानूनी दांवपेच तक पहुंची थी, पिछले साल 4 मार्च को भी 14 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीसी से मुलाकात की थी, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई आगे न बढ़ने के कारण 7 मई को पार्षदों ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन हरकत में आया। आखिरकार पिछले साल 22 मई को अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाई गई। उस समय चेयरपर्सन को हटाने के लिए 14 और उपप्रधान को हटाने के लिए 12 पार्षदों के समर्थन की जरूरत थी, लेकिन निर्धारित समय तक बैठक में केवल 11 पार्षद ही पहुंचे। कोरम पूरा न होने के कारण तब वह अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया था और प्रीति खन्ना की कुर्सी बच गई थी।

### गुरप्रीत और सतपाल को किया अधिकृत

अविश्वास प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए वार्ड-14 के पार्षद गुरप्रीत पुत्र कृष्ण लाल तथा वार्ड-12 के पार्षद सतपाल सिंह लाडवाल को अधिकृत किया गया है। दोनों पार्षदों ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

### इन पार्षदों ने किया समर्थन

अविश्वास प्रस्ताव पर वार्ड-1 की सुमन, वार्ड-3 के अजमेर सिंह, वार्ड-5 की हरजन कौर, वार्ड-6 के हैप्पी सिंह, वार्ड-8 के पार्षद, वार्ड-9 के धीरज कुमार, वार्ड-10 के अजय गुप्ता, वार्ड-12 के सतपाल सिंह लाडवाल, वार्ड-13 की नीरू बाला, वार्ड-14 के गुरप्रीत, वार्ड-15 के सुरविंद्र सिंह, वार्ड-16 के गौरव शर्मा तथा वार्ड-17 के जोगिंद्र कुमार समेत कुल 14 पार्षदों के हस्ताक्षर दर्ज हैं।

### एक पार्षद के निलंबन के बाद अब केवल 16 का आंकड़ा

इस बार नगरपालिका का गणित पिछले साल की तुलना में काफी बदल चुका है। पिछले दिनों शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक ने वार्ड संख्या 11 के पार्षद विजय गर्ग को एनडीसी के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया था। इस निलंबन के बाद अब रतिया नगरपालिका में कुल पार्षदों की संख्या 17 से घटकर 16 रह गई है। अब जबकि 16 में से 14 पार्षद सीधे तौर पर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में खड़े हैं और स्वयं उपप्रधान भी बागी गुट के साथ हैं, ऐसे में चेयरपर्सन प्रीति खन्ना के सामने अपनी कुर्सी बचाए रखने की बेहद गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। अब शहर की जनता और राजनीतिक विश्लेषकों की निगाहें उपायुक्त कार्यालय द्वारा बुलाई जाने वाली विशेष बैठक की तारीख पर टिक गई हैं।

## शहर में चोर उच्चकों के हौसले बुलंद

# फतेहाबाद में महिला बैंक अधिकारी हुई झपटमार का शिकार

- स्कूटी गिरते ही डिग्गी से बैग उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एक महिला बैंक अधिकारी को अपना निशाना बनाने वाले एक शातिर चोर को थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना रोड स्थित अप्पू नगर निवासी विशाल उर्फ टोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात के दौरान उड़ाया गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया है, जिसमें बैंक की अति-संवेदनशील चाबियां और महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इस वारदात का शिकार हरियाणा ग्रामीण बैंक की बीघड़ शाखा में तैनात सहायक प्रबंधक ज्योति यादव हुई। बीती 10 जून को वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर सिरसा रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान खुशीराम पेट्रोल पंप के ठीक सामने उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। महिला अधिकारी अभी इस अचानक हुए हादसे से संभल पातीं और अपनी स्कूटी को उठा पातीं, तभी पहले से घात लगाए बैठे शातिर चोर विशाल उर्फ टोनी ने उनकी लाचारी का फायदा उठाया। आरोपी ने पलक झपकते ही स्कूटी की डिग्गी खोली और उसमें रखा बैग लेकर रफूचक्कर हो गया। महिला बैंक अधिकारी के बैग में हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा बीघड़ की मुख्य चाबियां, एक सैमसंग मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूटी की आरसी और नकदी रखी हुई थी। बैंक की चाबियां गायब होने से पुलिस और बैंक महकमे में हडक़ंप मच गया। पीड़िता की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।



**फतेहाबाद।** चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक। *फोटो: हरिभूमि*

### पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन और अपने खुफिया तंत्र को सक्रिय करते हुए आरोपी विशाल उर्फ टोनी को हुडदंगई और चोरी के इस मामले में चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। पुलिस की सख्ती के आगे आरोपी टूट गया और उसकी निशानदेही पर चोरी की गई बैंक की चाबियों समेत सारा सामान बरामद कर लिया गया।

# चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का स्वागत

- हरियाणा सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा सिरसा ने श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रोहताश जांगड़ा का गीता भवन मंदिर में भव्य स्वागत किया। सतीश निर्मल ने बताया कि सिरसा के लिए यह गौरव की बात है रोहतास जांगड़ा को हरियाणा सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नवाजा है। रामानंद शास्त्री ने कहा कि यह पद रोहताश जांगड़ा को पार्टी के प्रति उनकी वफादारी और कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए दिया गया है। उन्होंने अपना पूरा जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया।



**सिरसा।** चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का स्वागत करते हुए श्री ब्राह्मण सभा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अर्जुन शर्मा अध्यक्ष श्री ब्राह्मण सभा सिरसा, जयप्रकाश शर्मा, रामानंद शास्त्री प्रदेश प्रभारी विप्र सेना हरियाणा, ललित मोहन शर्मा, रोशन लाल वशिष्ठ, हरीश शर्मा, विष्णु शर्मा, देवता राम शर्मा, शीशपाल शास्त्री, राजवीर दाधीच, गौतम शर्मा, मुकेश कुमार, पंकज शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# ऐलनाबाद में नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली

- रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ऐलनाबाद

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा संचालित बोध नशा उन्मूलन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ऐलनाबाद शहर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सनातन धर्मशाला, ऐलनाबाद से किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां एवं बैनर लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लोगों को नशा छोडऩे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली के दौरान नशा छोडो-जीवन जोड़ो, स्वस्थ युवा-सशक्त भारत तथा स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकता बनाओ, न कि नशे को जैसे प्रेरणादायक नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी बाधक बनता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त जीवन जीने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई।



**सिरसा।** नशा मुक्ति रैली निकालते हुए।



**सिरसा।** दूषित पानी। *फोटो: हरिभूमि*

# दूषित पेयजल आपूर्ति से ग्रामीण हुए परेशान

- सरकारी स्कूल के नजदीक पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी व्यर्थ बह रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डिंग

गांव खुहवाली ढाणी में पेयजल पाइपों में गंदा पानी आने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण महेंद्र, सुनील शाक्य, नरसिंह, सोनू और मनींदर ने बताया कि गांव में कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। स्कूल के पास, राजीव सेवा केंद्र के समीप तथा सरकारी स्कूल के नजदीक पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले पेयजल पाइपों से पानी बाहर निकलता है और बाद में आसपास के गंदे नालों का दूषित पानी उन्हीं पाइपों में वापस चला जाता है। इसके कारण घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित हो रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

### मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि गंदा पानी सप्लाई होने से जलजनित बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# परिचित बनकर 60 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

परिचित बनकर 60 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पंजाब के जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान यमन निवासी जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि शहर के रोड़ी गेट निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका दोस्त नवदीप बताते हुए कहा कि उसकी बेटी गंभीर रूप से बीमार है और अस्पताल में भर्ती है। उसने यह भी कहा कि उसके बैंक खाते में तकनीकी दिक्कत आ गई है, इसलिए वह सीधे अस्पताल में पैसे जमा नहीं करवा पा रहा। आरोपी ने विश्वास में लेने के लिए पीड़ित के मोबाइल पर 25 हजार और 35 हजार के फर्जी ट्रांजेक्शन मैसेज भेज दिए तथा एक बैंक खाता नंबर देकर रकम जमा करवाने को कहा। अपने दोस्त को मुसीबत में समझकर पीड़ित ने बिना खाते की जांच किए जल्दबाजी में कुल 60 हजार रुपए बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में बैंक खाता चेक करने पर पता चला कि उसके खाते में कोई रकम आई ही नहीं थी और वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका था। तकनीकी साक्ष्यों, बैंकिंग डिटेल और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



**सिरसा।** गिरफ्तार साइबर ठग।

### कागदाना व माखोसरानी में बीज वितरण 15 को

**चोपटा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित तिलहन योजना के तहत खंड नाथूसरी चोपटा के गांव कागदाना और माखोसरानी में मूंगफली की खेती करने वाले किसानों को 15 जून को मूंगफली का बीज वितरित किया जाएगा।

गांव कागदाना में डॉ. महेंद्र , मदन एवं कृषि विभाग के कृषि प्रवेक्षकों की निगरानी में बीज वितरण किया जाएगा। वहीं गांव माखोसरानी में सुरेरां डॉ. होशियार सिंह, रविंद्र तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की देखरेख में किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

**महंगाई** | पिछले 10 दिनों में सब्जी के दामों में आया भारी उछाल

# अंधड़ का प्रकोप, टमाटर 20 से 60 रुपये प्रति किलो पहुंचा, सब्जियों के दाम दोगुना से अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मई से लगातार चल रही लू व पिछले तीन दिनों से अंधड़ और बरसात के चलते सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। पहले लू के कारण खेतों में खड़ी सब्जियां सड़ गई तो अब रही-सही कसर बेमौसमी अंधड़ व बारिश ने पूरी कर दी है। पिछले 10 दिनों में सब्जी के दाम करीब दोगुना से अधिक हो चले हैं। 10 दिन पूर्व यहां टमाटर 20 रुपये किलो बिक रहा था जिसका भाव आज 60 रुपये प्रति किलो हो गया है। यही हाल शिमला मिर्च व करेला का है। हालांकि इन दिनों 15 जून तक मलमास होने के कारण शादियों का सावा नहीं है। उसके बावजूद सब्जियों के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुके हैं। फिलहाल प्री मानसून की बारिश की संभावना के चलते सब्जियों के दाम अभी ओर बढ़ सकते हैं। बाद में मानसून के आने पर दाम कहां पहुंचेंगे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। आमतौर पर मानसून में यहां अधिक बारिश व बाढ़ के कारण सब्जियां डूब जाती हैं। दरअसल फतेहाबाद में करीब 7500 एकड़ में सब्जियां लगाई जाती हैं। इसमें अधिकांश जमीन फ्लडिड है। यही वजह है कि सब्जी उत्पादक किसान मानसून से पहले ही सब्जियां बेच देते हैं। अब जब सब्जियों के उत्पादन का पीक सीजन चल रहा था तो लू, आंधी, तूफान ने किसानों की आशाओं पर कुठाराघात कर दिया। इतना ही नहीं, हिमाचल प्रदेश व यमुनानगर से नदी की सब्जियां भी यहां आती हैं। अभी अंधड़ के कारण पेड़ टूटने से रास्ते बंद पड़े हैं, जिस कारण वहां से यहां सब्जियां नहीं आ रही।



**फतेहाबाद।** मण्डी में सजी सब्जियां।

### सब्जियों के भाव

| सब्जी भाव | 10 दिन पहले | अब |
|---|---|---|
| टमाटर | 20 | 60 |
| शिमला मिर्च | 40 | 90-100 |
| प्याज | 20 | 30 |
| करेला | 25 | 50 |
| भिंडी | 30 | 40 |
| खीरा | 20 | 40 |

ऐसे ही हरा धनियां, पालक व पुदीना के भाव भी कई गुणा तक बढ़ गए हैं।

### बोले सब्जी विक्रेता



सब्जी विक्रेता पवन राठौड़ का कहना है कि पिछले दिनों लू के कारण लोकल सब्जियां सड़ गई थी। बाद में दूर दराज हिमाचल से सब्जियां आने लगी। अब आंधी, बरसात के कारण यहां सब्जियां नहीं पहुंच पा रही है।



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



# टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला



# दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



## क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

# इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालन: द बॉय

बालन: द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीख: 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीख: 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपित विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



## क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

## 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

## आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

## किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कागदाना व माखोसरानी में बीज वितरण 15 को

**चोपटा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित तिलहन योजना के तहत खंड नाथूसरी चोपटा के गांव कागदाना और माखोसरानी में मूंगफली की खेती करने वाले किसानों को 15 जून को मूंगफली का बीज वितरित किया जाएगा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीज वितरण वैल्यू चेन पार्टनर सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। गांव कागदाना में डॉ. महेंद्र , मदन एवं कृषि विभाग के कृषि प्रवेक्षकों की निगरानी में बीज वितरण किया जाएगा। वहीं गांव माखोसरानी में सुरेरां डॉ. होशियार सिंह, रविंद्र तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की देखरेख में किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल, एक गंभीर

**फतेहाबाद।** नेशनल हाइवे बाईपास पर हुए सडक़ हादसे में दो युवको के घायल होने का समाचार है। अशोक नगर गली नंबर-5 निवासी अर्जुन पुत्र राजा अपने बुआ के लडक़े हिमांशु के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आर्यन स्कूल के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल एक कार से टकरा गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना तेज था कि टक्कर लगते ही दोनों युवक सडक़ पर गिर पड़े। घायल अर्जुन और हिमांशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### एसआईआर के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सिरसा।** सिरसा विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक दलों के बीएलए के लिए राजकीय नेशनल कॉलेज में शुक्रवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसडीएम राजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित बूथ लेवल एजेंट प्रथम एवं द्वितीय ने भाग लिया। इसके साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सफल बनाने के लिए सभी एजेंटों से बूथ स्तर के अधिकारियों को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया। सभी बीएलए को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रपत्रों और कानूनी प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### फतेहाबाद में सिंचाई विभाग की लापरवाही से टूटी नहर

# खेतों में भरा पानी, फसलों को हुआ भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के साथ लगते गांव भोडियाखेड़ा में सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण एक पक्की नहर टूट गई। नहर टूटने से भारी मात्रा में पानी आसपास के खेतों में घुस गया, जिससे किसानों की फसलों और कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद से ही प्रभावित किसानों में विभाग के खिलाफ गहरा रोष है।

■ प्रभावित किसानों में विभाग के खिलाफ गहरा रोष

किसानों का आरोप है कि विभाग के कर्मचारियों द्वारा काम अधूरा छोडऩे की वजह से यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, सिंचाई विभाग द्वारा अपने कार्यालय में पीने के पानी का प्रबंध करने के लिए इस स्थान से एक पाइप लाइन डाली जा रही थी। गुरूवार को विभाग के कर्मचारियों ने पाइप लाइन बिछाने का काम किया, लेकिन रात को वे काम को अधूरा छोडक़र ही चले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान नहर की संरचना को नुकसान पहुंचाया गया था, जिसे ठीक से दुरुस्त नहीं किया गया। गुरुवार रात को जैसे ही नहर में पानी का बहाव आया, वह कमजोर हिस्से से अचानक टूट गई। देखते ही देखते नहर का पानी तेज रफ्तार से किसानों के खेतों में भरने लगा।

शुक्रवार सुबह जब किसान अपने खेतों में पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। खेतों में कई फीट तक पानी जमा हो चुका था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद सिंचाई विभाग के जेई, एसडीओ और अन्य कर्मचारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। विभाग ने स्थिति को संभालने के लिए तुरंत जेसीबी मशीन बुलाई और क्षतिग्रस्त हिस्से को बांधने व मुरम्मत का काम शुरू करवाया। इस मामले में ग्रामीणों और किसानों का साफ कहना है कि इसमें पूरी तरह से विभागीय लापरवाही दिखाई देती है। अगर कर्मचारी पाइप लाइन डालने के बाद नहर के किनारे को अच्छी तरह से मजबूत करते, तो यह हादसा नहीं होता। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी बर्बाद हुई फसलों का तुरंत गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए।



फतेहाबाद। नहर में आई दरार। फोटो : हरिभूमि

#### बोले अधिकारी

दूसरी ओर, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने लापरवाही के आरोपों को खारिज किया है। विभाग के जेई का कहना है कि नहर में अचानक पानी का दबाव बढने के कारण यह कट लगा है। विभाग ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य पूरा करवा दिया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं, सिंचाई विभाग के एसडीओ राजबीर सिंह ने बताया कि नहर में लीकेज की समस्या हो गई थी। जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके बाद बिना समय गंवाए जेसीबी मशीन बुलाकर नहर की मुरम्मत करवा दी गई है और पानी के बहाव को नियंत्रित कर लिया गया है।

### भोडिया खेड़ा में स्पीड ब्रेकर हादसों को दे रहे न्योता

**फतेहाबाद।** शहर से सटे गांव भोडिया खेड़ा में बिजली बोर्ड के पास बनाए गए स्पीड ब्रेकर लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन स्पीड ब्रेकरों का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है, जिसके चलते वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन स्पीड ब्रेकरों को दुरुस्त नहीं किया गया तो यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हाल ही में अन्य स्थानों पर भी अनियमित स्पीड ब्रेकरों के कारण सडक़ दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है।



### फतेहाबाद क्रिकेट लीग व फतेहाबाद सुपर किंग्स ने किंग्स इलेवन को 2 विकेट से दी शिकस्त

**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज के खेल मैदान में फतेहाबाद क्रिकेट लीग के पहले सीजन का आगाज हो चुका है। इस लीग में कुल चार टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें फतेहाबाद सुपर किंग्स, फतेहाबाद स्ट्राइकर्स, किंग्स इलेवन फतेहाबाद और फतेहाबाद राइजिंग स्टार्स के नाम शामिल हैं। लीग का विधिवत उद्घाटन एमएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने टॉस करवाकर किया। लीग का पहला मैच किंग्स इलेवन फतेहाबाद और फतेहाबाद सुपर किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें किंग्स इलेवन फतेहाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 40 ओवरों के इस मुकाबले में किंग्स इलेवन की टीम 33 ओवरों में 151 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। जीत के लिए मिले 152 रनों के इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद सुपर किंग्स की टीम ने बेहद रोमांचक मोड़ से गुजरते हुए 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया और मैच को 2 विकेट से जीत लिया।

## अधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तार से दी जानकारी

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में शुक्रवार को एक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती, सीटीएम एवं एसडीएम गौरव गुप्ता, चुनाव नायब तहसीलदार राज कुमार सहित संबंधित अधिकारी लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार से शामिल हुए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने सभी संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा प्रत्येक पात्र नागरिक की चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षण के दौरान आयोग के अधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्यों एवं निर्धारित समय-सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस कार्य में डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं निर्धारित प्रपत्रों के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई।

■ निर्वाचन आयोग की एसआईआर को लेकर ऑनलाइन ट्रेनिंग



फतेहाबाद। ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में मौजूद डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती।



### पाइप फैक्ट्री ड्राइवरों ने लगाया भंडारा

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड पाईप फैक्ट्री के निकट स्थित आज विशाल शरबत, शीतल जल एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यह पुनीत कार्य सिरसा रोड पर स्थित पाईप फैक्टरियों में कार्यरत ड्राइवरों के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए राहगीरों, लंबी दूरी के वाहन चालकों एवं आमजन को फौरी राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। दिनभर चले इस कार्यक्रम के दौरान हजारों राहगीरों को ठंडा शरबत, शीतल पेयजल एवं भोजन वितरित किया गया, जिससे चिलचिलाती धूप में सफर कर रहे लोगों को काफी राहत मिली। इस अवसर पर आयोजकों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि, मानव सेवा ही विश्व का सबसे बड़ा धर्म है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाजसेवियों एवं युवाओं ने भी बढ़-चढकर अपना शारीरिक एवं आर्थिक सहयोग दिया और निस्वार्थ सेवा भाव का उत्कृष्ट परिचय दिया।

## राज्यसभा सांसद ने सुनीं जनशिकायतें अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने पेयजल, बिजली, सडक़, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सुभाष बराला ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और मामलों का पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी व्यक्ति को अपने वैध कार्यों के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। सांसद ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, डिजिटल सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।



फतेहाबाद। ग्रामीणों की शिकायतें सुनते सांसद सुभाष बराला

### अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग

## 15 जून को होगा पानीपत में प्रदर्शन अध्यापक संघ की बैठक में निर्णय

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की बैठक जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से सेवाएं दे रहे अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण की मांग को लेकर गहन चर्चा हुई। शिक्षक नेताओं ने सरकार पर माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए आगामी रणनीति तैयार की। बैठक के बाद अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, कैशियर जगजीत मुड़ाही, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. नीतू डुडेजा, उपमहासचिव कृष्ण नैन, सहसचिव देवीलाल रतिया, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद व कार्यालय सचिव राधेश्याम ने बताया कि राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर 15 जून को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित कैंप कार्यालय पर विशाल रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस मास डेप्युटेशन कार्यक्रम में फतेहाबाद जिले सहित पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में नियमित और अनियमित अध्यापक भाग लेंगे।



अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल।

## डिंपल खत्री हत्याकांड : बाबा रामदेव सेवा समिति ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पंजाब के मोहाली में पटियाला निवासी युवती डिंपल खत्री की हुई बर्बर और नृशंस हत्या के विरोध में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति ने गहरा रोष प्रकट किया है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में समिति के पदाधिकारियों ने समिति प्रधान रमेश जोइया के नेतृत्व में देश की राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए पीड़ित परिवार के लिए त्वरित न्याय और मुख्य आरोपी हरजिंदर सिंह मान के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मोहाली में कार्यस्थल पर इस वीभत्स घटना ने न केवल मृतका के परिवार को मानसिक रूप से तोड़ दिया है, बल्कि समाज के हर वर्ग और कामकाजी महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। समिति ने राष्ट्रपति से इस संवेदनशील और जघन्य मामले की दैनिक आधार पर सुनवाई के लिए तुरंत एक विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग उठाई गई है कि पंजाब पुलिस और संबंधित प्रशासनिक अमला बिना किसी बाहरी अथवा राजनीतिक दबाव के इस मामले की गहनता से जांच करे और सभी आवश्यक साक्ष्यों को अदालत के समक्ष मजबूती से पेश करें। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष किशन लाल चौहान, राजकुमार चायल, धीरज चायल आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। एडीसी को ज्ञापन सौंपते बाबा रामदेव सेवा समिति के पदाधिकारी।

## अपहरण व मारपीट में वांछित किया गिरफ़्तार

**फतेहाबाद।** अपहरण, बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव घासवा निवासी जसपाल सिंह उर्फ पाल के रूप में हुई है।

थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गांव चिम्मो निवासी बलविंद्र सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उनका बेटा हरप्रीत सिंह बीती 25 मई की रात अपने दोस्त से मिलने घर से निकला था। अगले दिन कुछ अज्ञात लोगों ने पीड़ित के परिवार से संपर्क कर हरप्रीत के बारे में पूछताछ की और उसे ढूंढने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने हरप्रीत के साथ बुरी तरह मारपीट की और उसे जबरन अगवा कर गांव घासवा ले गए। घायल हरप्रीत सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतिया में भर्ती करवाया गया था, जहाँ पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की।

## जैविक और उन्नत खेती अपनाकर आय बढ़ाने के लिए किसानों को किया प्रेरित

■ खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (सीआईसीआर) क्षेत्रीय स्टेशन द्वारा खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत गांव बरासरी में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीआईसीआर सिरसा के अध्यक्ष डॉ. एसके वर्मा के निर्देशन में किया गया, जिसमें किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती तथा फसल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ऋषि कुमार ने विभिन्न फसलों, विशेष रूप से नरमा-कपास की खेती में उन्नत किस्मों के चयन, समय पर बुवाई, सिंचाई प्रबंधन, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग तथा खाद डालने की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए जैविक खेती और संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने का आह्वान किया। डॉ. ऋषि कुमार ने कपास की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों, विशेषकर गुलाबी सुंडी के जीवन चक्र, उसकी पहचान तथा प्रभावी प्रबंधन के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



सिरसा। किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

### ऐतिहासिक किले में 500 साल पुरानी मजार पर तोड़फोड़



**हांसी।** शरारती तत्वों ने गुरुवार रात पृथ्वीराज चौहान के ऐतिहासिक किले पर बनी करीब 500 साल पुरानी बाबा मीरा साहब की मजार में तोड़फोड़ और आगजनी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने समाधि परिसर में रखी बाबा मीरा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया और मजार के अंदर रखे कपड़ों में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही किला बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। समाधि की देखरेख करने वाले कृष्ण दास ने बताया कि गुरुवार रात खराब मौसम के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे पूरे परिसर में अंधेरा था जिसके चलते वे रात 10 बजे यहां से घर चले गए थे। उन्होंने बताया कि रात को मजार पर कोई व्यक्ति नहीं रुका था। शुक्रवार सुबह जब वे मजार पर पहुंचे, तो उन्हें प्रतिमा व अन्य सामान टूटा हुआ तथा अस्त व्यस्त मिला तथा मजार के भीतर रखे कपड़े जले हुए मिले। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर किला बाजार चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच मजार का निरीक्षण कर जांच आरंभ कर दी। मजार महंत कृष्ण दास के अनुसार यह समाधि लगभग 500 वर्ष पुरानी है। प्रारंभिक जांच में किसी नकदी या अन्य सामान की चोरी की बात सामने नहीं आई है।

**अनदेखी** जोहड़ भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और आज भी भूमि पर कब्जे यथावत

## फुलां के जोहड़ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अधूरी ग्रामीणों ने डीसी से की जांच व पुन:स्थापना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव फुलां स्थित जोहड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अधूरी छोडऩे तथा जोहड़ की खुदाई एवं पुनस्र्थापना नहीं करवाने के मामले में ग्रामीणों ने उपायुक्त फतेहाबाद को शिकायत सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि जोहड़ भूमि की निशानदेही राजस्व विभाग द्वारा करवाई जा चुकी है। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी। उस दौरान कब्जाधारकों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए पांच दिन का समय मांगा था, लेकिन निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी जोहड़ भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और आज भी भूमि पर कब्जे यथावत बने हुए हैं।



फतेहाबाद। गांव फुलां स्थित जोहड़। फोटो : हरिभूमि

#### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को बीच में ही रोक दिया गया। शिकायत के अनुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे एसडीओ कुलदीप ने बताया कि उनकी ड्यूटी अन्य स्थान पर लगा दी गई है और आगे की कार्रवाई के लिए नए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति आवश्यक होगी। इससे कार्रवाई अधूरी रह गई और शेष अतिक्रमणों के खिलाफ कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर वास्तविक रूप से अतिक्रमण हटाने के बजाय केवल औपचारिक कार्रवाई कर फोटो लिए गए, जबकि जोहड़ भूमि पर अधिकांश अतिक्रमण अब भी मौजूद हैं। उनका कहना है कि केवल कागजी कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष से वे इस मामले को लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा बीडीपीओ, डीडीपीओ, ग्राम सचिव और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा जोहड़ की खुदाई के लिए बजट नहीं होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल अतिक्रमण हटाना पर्याप्त नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ाई

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के हित में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 जून 2026 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुशील कुमार ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

### दिव्यांग पूर्व सैनिकों को मिलेगी सहायता राशि

**सिरसा।** सरकार द्वारा दिव्यांग पूर्व सैनिकों को गतिशीलता उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य ऐसे पूर्व सैनिकों की सहायता करना है, जो सेवा के दौरान अथवा सेवानिवृत्ति के बाद बीमारी, दुर्घटना या अन्य कारणों से 50 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का शिकार हैं। योजना के अनुसार पात्र पूर्व सैनिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप गतिशीलता उपकरण खरीदने के लिए 100 प्रतिशत अग्रिम वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### ग्लोबल मंदिर में कीर्तन मंडली ने बांधा समां

**सिरसा।** ग्लोबल स्पेस मंदिर कमेटी द्वारा वार्षिक उत्सव एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया । उत्सव की शुरुआत भगवान के नाम सुमिरन के साथ हुई। महिला कीर्तन मंडली और प्रसिद्ध राधा नाम संकीर्तन मंडल ने संगीतमय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। हनुमान जी के संकटमोचन स्वरूप का गुणगान किया गया। श्री जगन्नाथधाम हरिद्वार से महामंडलेश्वर अरुणदास महाराज विशेष रूप से इस समारोह में आशीर्वाद देने पहुंचे।

### मत्स्य पालकों को 90 हजार प्रति एकड़ अनुदान

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से अनुदान योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को मत्स्य पालन परियोजना की लागत पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होगी। योजना के तहत लाभार्थियों को परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अथवा 90 हजार प्रति हेक्टेयर प्रदान किया जाएगा।

### आरोपी डॉक्टर को मिले सख्त से सख्त सजा: कौर

**सिरसा।** जिला पार्षद कर्मजीत कौर ने कुरुक्षेत्र अस्पताल में हुए घटनाक्रम की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से एक रिटायर्ड डॉक्टर द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ हैवानियत की गई है, आज उसे पूरा देश देख रहा है। मगर इस मामले पर सरकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली हरियाणा की सरकार क्या सो रही है? क्या इस प्रकार से गांवों में बेटों के मुकाबले बेटियों की संख्या को बढ़ाए जाने पर जोर दे रही है।

## 150 किलोवाट का सोलर प्लांट तहस-नहस, 20 घंटे बंद रही बिजली सप्लाई

# 45 एमएम बारिश ने जाखल में जमकर मचाई तबाही, 900 से ज्यादा पोल टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में वीरवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। टोहाना, जाखल, कुलां और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के कारण दीवारें, पेड़, स्वागत गेट और बिजली के पोल टूट गए। बिजली निगम को बड़ा नुकसान हुआ है तथा जिलेभर में 900 से अधिक पोल व दर्जनों ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। कई इलाकों में करीब 20 घंटे तक बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून सुबह 8 बजे से 12 जून सुबह 8 बजे तक जिले में सबसे अधिक 45 एमएम बारिश जाखल में दर्ज की गई। इसके अलावा भट्टूकलां में 32 एमएम, टोहाना में 26 एमएम, भूना में 12 एमएम, कुलां में 8 एमएम, रतिया में 5 एमएम तथा फतेहाबाद मुख्यालय पर 2 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई।





फतेहाबाद। जाखल में आंधी से गिरे पेड़, आंधी के चलते नागपुर क्षेत्र में गिरे खंबे और ट्रांसफार्मर व रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में तूफान और बारिश के बाद गिरी डाउन सीलिंग।

### कार पर गिरी 10 फीट ऊंची दीवार

गांव अमानी स्थित सरकारी स्कूल में कार्यरत संस्कृत अध्यापक सेशीराम की कार पर करीब 10 फीट ऊंची दीवार गिर गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सेशीराम ने बताया कि तेज आंधी शुरू होने पर वह परिवार के साथ पोर्च में बैठे थे और बच्चों को भी पास बुला लिया था। कुछ देर बाद तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलने पर देखा कि दीवार कार पर गिरी हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि उस समय कोई व्यक्ति कार के पास होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। टोहाना के सिंबलवाला रोड स्थित आईटीआई के पास लगा स्वागत गेट तेज हवाओं के कारण सडक़ पर गिर गया। इसके चलते प्रेम नगर, सिंबल, जाखल, हिम्मतपुरा, पूर्ण माजरा और कासिमपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन और स्थानीय लोगों ने मिलकर गेट हटाकर रास्ता खुलवाया।

### रतिया में 185 खंबे, 20 से ज्यादा ट्रांसफार्मर हुए क्षतिग्रस्त, 19 घंटे बाधित रही बिजली

**रतिया।** आंधी से रतिया में बिजली के 185 खंभे और 20 से ज्यादा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए खंभे टूटने से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही। शहरों में भी बिजली व्यवस्था बहाल करने में निगम कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 19 घंटों के बाद भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई। टूटे तार और पेड़ सडक़ों पर पड़े होने के कारण यातायात व्यवस्था भी बाधित रही। दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति बाधित रहने से इसका सीधा प्रभाव पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ा। निगम के ग्रामीण क्षेत्र के उपमंडल अधिकारी अशोक पन्नू ने बताया कि आंधी के चलते घग्गर पार के ग्रामीण क्षेत्र में 95 खंभे और 10 से ज्यादा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए है जहा रिहायशी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चालू हुई है लेकिन अभी ट्यूबल क्षेत्र में बिजली सप्लाई चालू करने में भी दिक्कत आ रही है। शहरी उपमंडल अधिकारी सुनील कंबोज ने बताया कि आंधी के चलते वीरवार रात को शहरी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई जिसे शुक्रवार सुबह से चालू किया गया हालांकि अभी कुनाल, नन्हेरी चंदो खुर्द, चंदूकला,मुंशीवाला,नथवान,चीमो सहित करीब 15 गांव की बिजली व्यवस्था को सुचारु करने में कर्मचारी लगे हुए है।

### जीआरपी चौकी के पास पेड़ गिरा

जाखल में जीआरपी चौकी के समीप एक बड़ा पेड़ टूटकर दीवार पर गिर गया। वहीं जिले के कई हिस्सों में पेड़ गिरने और तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुक्रवार को भी बादल छाए रहने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। 13 जून से मौसम में आंशिक सुधार होने के आसार हैं, जबकि पूरी तरह मौसम साफ होने की संभावना 15 जून के बाद जताई जा रही है।



**बड़ा हादसा टला**
रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय में गिरा सीलिंग का हिस्सा

### जाखल रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय की सीलिंग गिरी

जाखल रेलवे स्टेशन स्थित प्रतीक्षालय की डाउन सीलिंग का एक हिस्सा अचानक गिर गया। घटना के समय मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग तुरंत बाहर निकल आए। गनीमत रही कि कोई भी यात्री इसकी चपेट में नहीं आया। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से सुरक्षा जांच और शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

### 30 लाख से ज्यादा का नुकसान

टोहाना के चंडीगढ़ रोड स्थित महत कोल्ड स्टोर में लगा 150 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट तेज हवाओं की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सोलर प्लेटें उडक़र नीचे गिर गईं। स्टोर संचालक के अनुसार करीब 30 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। गांव जमालपुर में बलविंदर सैनी की कार्तिक डेयरी को भी आंधी और बारिश से नुकसान पहुंचा। लगभग छह माह पहले करीब 20 लाख रुपये की लागत से शुरू की गई डेयरी के भवन और उपकरणों को क्षति पहुंची है। संचालक के अनुसार नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### लाइनों को दुरुस्त करने में जुटे बिजलीकर्मी

आंधी के कारण हुए नुकसान का आंकलन करने के बाद बिजली कर्मचारी सुबह से लाइनों को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। टूटे पोल बदलने के साथ-साथ टूटी तारों को भी बदलकर ठीक किया जा रहा है। बिजली निगम के अधिकारियों ने फील्ड स्टाफ से नुकसान की रिपोर्ट मांगी है।

## सीडीएलयू कुलपति ने किया फूल सी सुनैना पुस्तक का विमोचन

- सीडीएलयू के इतिहास विभाग की छात्रा है लेखक सुनैना मोर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की छात्रा सुनैना मौर्य द्वारा लिखित पुस्तक फूल सी कोमल सुनैना का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार द्वारा विमोचन किया गया। कुलपति ने छात्रा की साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की और अन्य विद्यार्थियों को साहित्य, शोध और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पुस्तक लेखन जैसी उल्लेखनीय उपलब्धि सुनैना मौर्य की लगन, मेहनत, सृजनात्मक सोच और साहित्य के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी रचनात्मक क्षमताओं को पहचाने। इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष प्रो. विष्णु भगवान ने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां विभाग की अकादमिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ बनाती हैं।



**सिरसा।** पुस्तक का विमोचन करते कुलपति।

## श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या में भक्तिमय कीर्तनों से बांधा श्रृद्धालुओं का समां

**सिरसा।** अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में वीरवार रात को विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उरन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे, मेरी लाज रखना बाबा मेरी लाज रखना, मेरी अंखियों से दूर, तू खाटू बुलाता रहे मैं खाटू आता रहूं, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलावो ना, हाथों में लेके निशान चला रे सहित अनक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद खाटू धाम राजस्थान से आई भजन गायिका प्रियंका श्याम दीवानी ने भजन- वीर हनुमाना अति बलवाना से अपी हाजिरी लगाई।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते हुए भजन गायिका।



**सिरसा।** राजनीतिक दलों के बीएलए को प्रशिक्षण देते हुए।

## अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के बीएलए को दिया एसआईआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण

**सिरसा।** मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिहीन और अपडेट बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय कालांवाली में राजनीतिक दलों के बीएलए के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कालांवाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट प्रथम और द्वितीय को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन कानूनगो देवेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी बूथ लेवल एजेंटों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी एजेंटों से बूथ लेवल अधिकारियों को फील्ड में पूरा सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने अभियान के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न आवश्यक फॉर्मों और विभागीय प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## विद्यार्थियों और शिक्षकों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का दिया प्रशिक्षण

- सीएमके कॉलेज में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग क्लब द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष विभाग, सिरसा से योग सहायक साहिल व पंकज ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। योग विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है बल्कि मानसिक तनाव को कम कर आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच को भी बढ़ाता है। वहीं द्वितीय दिवस कॉलेज के सेमिनार हॉल में विचार गोष्ठी एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आशु शर्मा उपस्थित रहीं।




**सिरसा।** योगाभ्यास करते विद्यार्थी व शिक्षक।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने गली से हटवाई अवैध सब्जी की रेहड़ियां

**कालांवाली।** कालांवाली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित गुरुद्वारा सिंहसभा वाली गली में अवैध रूप से लगाई जा रही सब्जी की रेहडियों को हटाने को लेकर क्षेत्रवासियों व गुरुद्वारा के श्रद्धालुओं द्वारा प्रशासन को दी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पालिका प्रशासन व पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रेहडियों को हटाने का काम किया। बतादें कि उक्त समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा सीएम विंडो व समाधान शिविर में शिकायत दर्ज करवाई थी परंतु कोई सुनवाई नहीं होने के चलते क्षेत्रवासियों द्वारा शुक्रवार को रेलवे फाटक के पास धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी।

### स्वस्थ्य व्यक्ति अवश्य करें रक्तदान : मिगलानी

**सिरसा।** यूनाइटेड सोशल सर्विस ट्रस्ट के तत्वावधान में सिटी फोटो स्टेट पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यूनाइटेड सोशल सर्विस ट्रस्ट के प्रधान देवेंद्र मिगलानी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

### पानी की किल्लत पर ग्रामीणों ने जताया रोष

**सिरसा।** गांव तख्तमल में कुछ दिनों से पानी की सप्लाई न आने को लेकर ग्रामीणों ने विभाग के प्रति रोष जताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी लापरवाही के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। ग्रामीण बलदेव सिंह, गुरजंट सिंह, बूटा सिंह आदि ने बताया कि भाखडा नहर गांव से होकर ही गुजरती है और भाखड़ा नहर में तीन दिन से पानी चल रहा है परंतु गांव के जलघर की डिग्गियां खाली है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा भाखड़ा नहर से जलघर को जाने वाली पाइपलाइन जो कि रास्ते में लीकेज है को ठीक करने के लिए पाइप को बंद किया गया।

### सीएम विंडो की शिकायतों का शीघ्र हो निपटान: डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों को सीएम विंडो पोर्टल पर आने वाली जनता की शिकायतों का समय सीमा के भीतर निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त शुक्रवार को सीएम विंडों की समीक्षा बैठक के उपरांत अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शहरी निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने सीएम विंडों शिकायतों को लेकर वीडियो कॉफ्रेंसिंग से अधिकारियों के साथ बैठक की।

### कर्मचारियों के काटे जा रहे एसजीएसटी और सीजीएसटी के विरोध में एसई को सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में एचकेआरएन से कार्यरत कर्मचारियों के वेतन से गैर कानूनी व अवैध रूप से काटे जा रहे एसजीएसटी व सीजीएसटी के विरोध में कार्यकारी अभियंता को एक मांग पत्र सौंपा। ब्लॉक शहरी प्रधान शिवचरण कंडारा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल नंबर-2 सिरसा में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के हर माह के वेतन से 9 प्रतशत एसजीएसटी व 9 प्रतिशत सीजीएसटी काटकर वेतन का भुगतान किया जा रहा है।

### अफीम तस्करी का आरोपी दस दिन के रिमांड पर

**सिरसा।** सिरसा में ट्रक से पकड़ी गई नशे की खेप अफीम के मामले में आरोपी ट्रक ड्राइवर को शुक्रवार को पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने अरोपी को 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस रिमांड के दौरान उसके क्रिमिनल रिकॉर्ड के बारे में पता लगाएगी। आरोपी ड्राइवर काफी शातिर है और पुलिस के हाथ पकड़ने जाने का भी हथकड़ी के दौरान उसके चेहरे पर स्किन नजर नहीं आया। पुलिस की ओर से ट्रक मालिक का पता लगाया जाएगा, जो मूलरूप से राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार उसी ने नशा तस्करों के साथ सेटिंग कर अफीम पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से राजस्थान के जोधपुर में सप्लाई भेजने की साजिश रची। ट्रक मालिक ने ड्राइवर को ट्रक में अफीम भरकर सिलीगुड़ी से रवाना किया, पर वह रास्ते में सिरसा के पास पकड़ा। अब जांच का विषय है कि ट्रक मालिक ने ट्रक की बॉडी का काम कहां करवाया और चेसी के साथ छेड़छाड़ कर लोहे का गार्डर लगाने का काम किसने किया। वो भी शक के घेरे में आ गए हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## प्रवेश प्रतिशत, महिला सहभागिता, ट्रैड विविधता, उत्तीर्ण परिणाम में पाई सफलता

# आईटीआई भोडिया खेड़ा ने 9.6 ग्रेडिंग के साथ हरियाणा में प्रथम

*संस्थान का उद्देश्य युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा जारी नवीनतम आईटीआई ग्रेडिंग में संस्थान ने 10 में से 9.6 अंक प्राप्त कर हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान व ऑल इंडिया स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ संस्थान को देश के अग्रणी आईटीआई संस्थानों में स्थान मिला है। भारत सरकार द्वारा जारी ग्रेडिंग में आईटीआई ने प्रवेश प्रतिशत, महिला सहभागिता, ट्रैड विविधता, उत्तीर्ण परिणाम, सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन, डीएसटी नामांकन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग प्रशिक्षुओं के नामांकन जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मानकों पर उत्कृष्ट अंक अर्जित किए है। इसी का परिणाम है कि संस्थान ने 9.6 का प्रभावशाली ग्रेडिंग स्कोर हासिल किया। संस्थान की इस सफलता के पीछे आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, उच्च गुणवता वाली तकनीकी शिक्षा, अनुशासित शैक्षिणक वातावरण तथा प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों की अथक मेहनत को प्रमुख कारण माना है। संस्थान वर्षो से युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहा है।




**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा।

### 15 जून तक करें आवेदन

संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे संस्थान परिवार की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होने संस्थान की पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना नही बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोडना है। प्रधानाचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया जारी है और बड़ी संख्या में अभ्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर रहे है। उन्होने इच्छुक अभ्यार्थियों से अपील की कि वे 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर संस्थान में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को उज्जवल करते हुए तकनीकी शिक्षा में आत्मनिर्भर बने।